एच0सी0 अवस्थी,
आई0पी0एस0

डीजी परिपत्र संख्या– 15 /2021
पुलिस महानिदेशक,
उत्तर प्रदेश
पुलिस भवन, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ
दिनांकः अप्रैल 16, 2021

विषयः–सी0एम0 हेल्पलाइन के प्रकरणो में त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के सम्बन्ध में।

प्रिय महोदय,

प्रायः यह देखा जा रहा है कि सी0एम0 हेल्पलाइन पोर्टल पर प्राप्त हो रही शिकायतों के निस्तारण में पर्याप्त रूचि नही ली जा रही है। अनेंक बार ऐसी शिकायतें जो किसी थाना विशेष अथवा अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध होती हैं, सामान्य रूप से उन्हीं को जांच हेतु संदर्भित की जा रही है। आप सहमत होगें कि ऐसी जांचो से आवेदक का असंतुष्ट होना स्वाभाविक है। अतः यह आवश्यक है कि सी0एम0 हेल्पलाइन पोर्टल पर कोई भी प्रकरण जांच हेतु प्राप्त होने पर अग्रसारित किये जाने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि जांच सामान्य रूप से ऐसे थाने/अधिकारी को संदर्भित न किया जाय जिसके विरूद्ध शिकायत हैं।

2– आप अवगत है कि आवेदक द्वारा फीडबैक में असंतुष्ट होना बताये जाने पर काफी संख्या में शिकायतें अगले लेवल अर्थात एल–1 से उच्च स्तर के अधिकारी को संदर्भित की जाती है। ऐसी स्थिति में उच्च अधिकारी का यह दायित्व होना चाहिए कि वह उक्त जांच को एल–1 पर पुनः संदर्भित न करके अपने स्तर से जांच कराकर तद्नुसार अपनी आख्या प्रेषित करें, जिससे जांच में निष्पक्षता/पारदर्शिता परिलक्षित हो।

3– अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि प्रदेश के समस्त जोन/परिक्षेत्र/जनपद स्तर पर सी0एम0 हेल्पलाइन के पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में उपरोक्तानुसार कार्यवाही कराया जाना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(एच0सी0 अवस्थी)

प्रतिलिपिः–

1–समस्त जोनल अपर पुलिस महानिददेशक, उ0प्र0।
2–समस्त पुलिस आयुक्त, उ0प्र0।

Scanned by CamScanner